मध्य प्रदेश में पुरातत्वीय सर्वेक्षण तथा खुदाई कार्य

6828. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **शिक्षा तथा युवक सेवा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1967-68 और 1968-69 में मध्य प्रदेश में पुरातत्वीय सर्वेक्षण अथवा खुदाई कार्य करने के अधिक प्रयत्न किये गये थे ;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानों पर यह कार्य आरम्भ किया गया था और उसके क्या परिणाम निकले ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या सरकार का विचार मध्य प्रदेश में नर्वदा घाटी सभ्यता के बारे में प्रयोगात्मक कार्य आरम्भ करने का है ?

शिक्षा तथा युवक सेवा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्रीमती जहानआरा जयपाल सिंह) : (क) और (ख). 1967-68 के दौरान भारत के पुरातत्वीय सर्वेक्षण ने जबलपुर जिले में पुरावस्तुओं की खोज का कार्य गांव-गांव में जारी रखा और पाषाण युग से लेकर मध्यकालीन युग की पुरावस्तुओं को प्रकाश में लाया। कार्य को 1968-69 के दौरान भी जारी रखा गया था। तथापि, इन वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश के किसी स्थान पर भारत के पुरातत्वीय सर्वेक्षण द्वारा खुदाई का कोई कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया।

फिर भी, यह उल्लेखनीय है कि 1967-68 के दौरान दक्कन कालेज और उत्तर-स्नातक अनुसंधान संस्थान, पूना के सहयोग से सागर विश्व-विद्यालय, और विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा क्रमशः त्रिपुरी जिला जबलपुर और कायथ, जिला उज्जैन में खुदाई की गई थी। इन खुदाइयों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट भारतीय पुरातत्व 1967-68 में प्रकाशित हो चुकी है। इसके अलावा, राज्य पुरातत्व विभाग और सागर विश्वविद्यालय द्वारा दमोह, रायसेन से सतना और उज्जैन जिलों में इक्का-दुक्का स्थान पर खुदाई की गई थी।

सागर विश्वविद्यालय ने 1968-69 के दौरान त्रिपुरी में खुदाई जारी रखी। अन्य संस्थाओं (एजेन्सियों) द्वारा किए गए कार्यों की प्रतीक्षा है।

(ग) भारत के पुरातत्व सर्वेक्षण ने मध्य प्रदेश में अपने आप कोई खुदाई नहीं कराई क्योंकि वहां केवल एक खुदाई शाखा है जो इन पिछले दो वर्षों के दौरान अन्य कार्यक्रमों में पूर्ण रूप से व्यस्त थी।

(घ) फिलहाल भारत के पुरातत्व सर्वेक्षण का ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

मध्य प्रदेश में दंगे

6829. **श्री गं० च० दीक्षित** : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1967 से 31 जनवरी, 1969 तक मध्य प्रदेश में कितने साम्प्रदायिक दंगे हुए तथा उनमें कितने व्यक्ति मारे गये ;

(ख) क्या सरकार ने स्वयं अथवा राज्य सरकार के माध्यम से इस बारे में कोई जांच की है ; और

(ग) उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध यदि कोई कार्यवाही की गई है, तो तत्सम्बन्धी ब्योरा क्या है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार 1967 से रतलाम में 28 सितम्बर, 1967 को ;